हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, बुधवार, 9 अप्रैल 2025

11 मनुष्य को भागदौड़ भरी जिंदगी में शिव जाप के लिए...


11 कैडेट्स ने यातायात जागरूकता अभियान...


तापमान
अधिकतम 37 .8 डिग्री
न्यूनतम 18 .5 डिग्री

## खबर संक्षेप

### 5 किलोग्राम 400 ग्राम गांजा सहीत सप्लायर काबू

**हिसार।** पुलिस की एबीवीटी पुलिस टीम ने गांव फरीदपुर से 5 किलोग्राम 400 ग्राम गांजा बरामदगी मामले में सप्लायर भट्टू कलां निवासी राजू को गिरफ्तार किया है। मुख्य सिपाही सुनील कुमार ने बताया कि 7 अप्रैल को पुलिस टीम ने गश्त के दौरान सूचना के आधार पर गांव फरीदपुर से फरीदपुर निवासी विक्रम को एक प्लास्टिक के कट्टे में 5 किलोग्राम 400 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया था। इसी मामलले में आगामी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गांजा सप्लायर भट्टू कलां निवासी राजू को गिरफ्तार किया है। राजू किसी और जगह से 35 हजार रुपये में गांजा खरीद कर लाया और विक्रम को 50 हजार रुपए में बेच दिया। आरोपी राजू को पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### दो अवैध पिस्तोल मामले में सप्लायर काबू

**हिसार।** अवैध हथियार रखने वालों पर कार्रवाई करते हुए सीआईए ने 6 अप्रैल 2024 को रायपुर चौक दिल्ली रोड से दो व्यक्तियों लाडवा निवासी सुभाष उर्फ सूबा और मीरपुर निवासी सन्नी उर्फ गांधी को काबू कर दो अवैध पिस्तोल और सात जिंदा कारतूस बरामद किए थे। बरामद अवैध पिस्तोल और जिंदा कारतूस को कब्जा में लेकर पुलिस ने उक्त दोनों के खिलाफ थाना सदर में केस दर्ज करके उन्हें गिरफ्तार किया था। एएसआई सुरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस द्वारा बरामद अवैध पिस्तोल और कारतूस के बारे की गई जांच में सामने आया कि उक्त दोनों ने ये अवैध पिस्तोल और कारतूस बड़ोपल निवासी अंकुश से 20-22 हजार रुपये में खरीदे थे। आरोपी अंकुश को पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### मकान में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** थाना शहर हांसी पुलिस ने मकान में चोरी मामले में आरोपी बोगा राम कॉलोनी हांसी निवासी अंकित को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पकड़े गए आरोपी ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर 20 मार्च को दोपहर के समय विकास नगर कॉलोनी निवासी उदयवीर के मकान से एक हुक्का, पानी की मोटर व लोहे का सामान चोरी कर लिया था। थाना शहर हांसी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। इस मामले में पुलिस द्वारा दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

### पुलिस ने आरोपी को लिया प्रोडक्शन वारंट पर

**हांसी।** स्पेशल स्टाफ हांसी पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हथियार संग फोटो अपलोड करने वाले आरोपी ढाणी चद्दर पुल निवासी मदन उर्फ बच्ची को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने कुछ दिनों पहले दहशत फैलाने के उद्देश्य से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हथियार संग फोटो अपलोड कर दिया था। इसके बाद पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ थाना शहर हांसी में मामला दर्ज किया गया था।

### ढाणी चद्दर पुल हत्याकांड में चौथा आरोपी दबोचा

**हांसी।** स्पेशल स्टाफ हांसी पुलिस ने ढाणी चद्दर पुल निवासी कुलदीप उर्फ दीपला हत्याकांड में संलिप्त रामकिशन उर्फ लाला को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पकड़े गए आरोपी रामकिशन ने 20 जनवरी की शाम को कुलदीप उर्फ दीपला की कुछ व्यक्तियों के साथ गोली मारकर हत्या कर दी थी। पकड़े गए आरोपी ने मुख्य आरोपियों के साथ मिलकर हत्या की योजना बनाई थी। स्पेशल स्टाफ हांसी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

## गांव बिठमड़ा में हाईटेंशन लाइन से उठी चिंगारी से गेहूं की फसल में लगी आग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| उकलाना

गांव बिठमड़ा में मंगलवार दोपहर बाद अचानक हाई टेंशन लाइन में उठी चिंगारी से गेहूं की फसल में आग लग गई। यह आग देखते-देखते भयंकर रूप धारण कर गई, जिससे किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा। आग की सूचना मिलने के बाद ग्रामीणों और फायर ब्रिगेड ने मिलकर आग पर काबू पाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आग बिठमड़ा गांव के पास स्थित संजय नामक किसान के गेहूं के खेत में से गुजर रही हाई टेंशन लाइन में से उठी चिंगारी से लग गई। जैसे ही खेत में आग लगी, आसपास काम कर रहे अन्य किसानों ने आग को देखा और तुरंत ही आग पर काबू पाने का प्रयास किया। आग की सूचना फायर ब्रिगेड उकलाना को दी गई, जिसके बाद गांव बिठमड़ा से बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों का कहना है कि अगर आग पर समय रहते काबू नहीं पाया जाता तो गेहूं की फसल और खेतों में भारी नुकसान हो सकता था। यह भी बताया गया कि फसल अब पूरी तरह से पक चुकी है और अगले सप्ताह इसकी कटाई होनी है। पीड़ित किसान ने सरकार से इस आगजनी की घटना में जली गेहूं की फसल का मुआवजा देने की मांग की है।

■ खेत में से गुजर रही हाई टेंशन लाइन

## ट्रैफिक पुलिस ने तीन बाइकों का काटा हजारों रुपये का चालान



**नारनौंद।** ट्रैफिक पुलिस ने तीन बाइकों के 80 हजार रुपये के चालान काटे। दो बुलेट बाइकों पर पटाखे बजाने वाले साइलेंसर लगे मिले। इन दोनों बाइकों के 27-27 हजार 500 रुपये के चालान किए गए। एक अन्य बाइक पर प्रेशर हॉर्न लगा मिला। उसका 25 हजार रुपये का चालान काटा गया। तीन बाइकों पर नंबर प्लेट नहीं थी। इनका भी चालान किया गया है। ट्रैफिक इंचार्ज सब इंस्पेक्टर रामनिवास द्वारा खेड़ी चोपटा एरिया में चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी दौरान कुलेरी निवासी दयानंद और मिर्चपुर निवासी राममेहर बुलेट बाइकों पर आए। जांच में दोनों बाइकों के साइलेंसर बदले हुए मिले और पटाखे भी बज रहे थे। दोनों के कुल 55 हजार रुपये के चालान काटे गए। मिर्चपुर निवासी रोहित की बाइक पर प्रेशर हॉर्न मिला। उसका 25 हजार रुपये का चालान किया गया।

### एयरपोर्ट परिसर में नहीं होना चाहिए एक भी वन्य जीव : नायब सैनी

# सीएम सैनी ने प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर तैयारियों का लिया जायजा,प्रशासनिक अधिकारियों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 14 अप्रैल को हिसार स्थित महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट पर प्रस्तावित नए टर्मिनल भवन का शिलान्यास तथा हवाई सेवाओं का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट पर तैयारियों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर किए गए प्रबंधों की गहनता से समीक्षा की। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल कौशिक, विधायक सावित्री जिंदल, रणधीर पनिहार सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एयरपोर्ट परिसर में वन्य जीव नहीं होना चाहिए। अगर कोई वन्य जीव यहां अब भी मौजूद है तो उसे तुरंत पकड़ कर उचित स्थान पर पहुंचना सुनिश्चित करें। संबंधित विभागों के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को इस संबंध में फीडबैक देते हुए कहा कि लगभग सभी वन्य जीवों को उचित स्थान पर पहुंचाया जा चुका है। आज भी इसको लेकर अभियान चलाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम में सभी व्यापक प्रबंध करना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही आमजन को भी कोई दिक्कत न हो, इसके लिए वैकल्पिक सड़क मार्गो की व्यवस्था होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों की सुविधा के लिए कार्यक्रम स्थल पर पर्याप्त स्वच्छ पेयजल शौचालय व पंखों इत्यादि की व्यवस्था पर्याप्त मात्रा में होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के लिए निरंतर कार्य किए जाएं।





हिसार। पीएम नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते सीएम नायब हि सैनी व तैयारियों को जायजा लेते सीएम नायब सिंह सैनी, साथ है लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा, प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल कौशिक व अन्य।

#### वाहन पार्किंग लिए हो अलग व्यवस्था

मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम में प्रदेश के कई जिलों से लोग शामिल होने जा रहे हैं। इसलिए किसी भी व्यक्ति को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि वाहनों की पार्किंग के लिए प्रत्येक जिले के लिए अलग पार्किंग स्थल निर्धारित किया जाए।

#### कार्यक्रम स्थल को सेक्टर में बांटा

बैठक में जानकारी दी गई कि कार्यक्रम में आने वाले लोगों की सुविधा के लिए पूरे कार्यक्रम स्थल को सेक्टर में विभाजित किया गया है। मंच के सामने युवाओं तथा महिलाओं के बैठने के लिए सेक्टर बनाया गया है।

### मोदी के आगमन पर निगम ने किए सौन्दर्यकरण के कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 14 अप्रैल के हिसार आगमन को लेकर नगर निगम द्वारा शहर के सौन्दर्यकरण के कार्य करवाएं जा रहे है। जिसमें बेहतरीन वॉल पेटिंग, ग्रील पेटिंग, पार्किंग की मार्किंग व रोड़ मार्किंग, स्वागत द्ववार, वृक्षों को पेंट व ट्रीमिंग करना, चौक चौराहों की सफाई व सजाना इत्यादि के कार्य किए गए। इसके अलावा शहर के मुख्य चौकों पर बने मॉडल जिनमें लाल किला, संसद भवन, राम मंदिर, चन्द्रयान आदि को भी सजाया गया। निगमायुक्त आयुक्त नीरज ने बताया कि नगर निगम के द्वारा चौक चौराहों पर रंगीन लाइटों व फाउंटेन भी शहर की सुंदरता में चार-चांद लगा रहे है। नगर निगम चलाएं जा रहे सफाई अभियान को शहर की सामाजिक संस्थाओं, मार्केट एसोसिएशन और क्षेत्रवासियों का सहयोग मिल रहा हैं। निगमायुक्त ने बताया कि मंगलवार को नगर निगम के द्वारा बरवाला चुंगी, तुलसी चौक, सेक्टर 14 सुभाष पार्क आस-पास और तालाकी गेट फुट ओवरब्रिज के पास सफाई अभियान चलाया गया।



हिसार । पीएम के आगमन को लेकर सजाया गया महाराजा अग्रसेन चौक।

**चंडीगढ़ बम ब्लास्ट मामले**

### में एएनआई की टीम पूछताछ के लिए पहुंची पेटवाड़

**नारनौंद।** चंडीगढ़ बम ब्लास्ट मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए की टीम ने मंगलवार को नारनौंद के गांव पेटवाड़ में इस मामले के आरोपित साहिल के घर पर पहुंची। साहिल पर चंडीगढ़ बम ब्लास्ट में शामिल होने के आरोप के चलते यह कार्रवाई की गई है। टीम ने एनआईए के डीएसपी ईशान मेहरा के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई है। पूरे मामले को गुप्त रखा गया। किसी को भी की जानकारी नहीं दी गई। टीम में महिला अधिकारियों सहित पैरामिलिट्री फोर्स के जवान भी शामिल रहे। जानकारी के अनुसार एनआईए की टीम मंगलवार की सुबह ही एक इनोवा गाड़ी व एक पैरामिलिट्री फोर्स की बस में गांव पेटवाड़ में पहुंची थी। टीम सीधी साहिल के घर पर पहुंची और घर पर मौजूद उसकी मां से पूछताछ की। टीम ने करीब अढ़ाई घंटे तक उनसे पूछताछ की और घर में सर्च अभियान भी चलाया।

### रसोई गैस मूल्य वृद्धि जनता पर महंगाई की मार : पूनिया

**हिसार।** कांग्रेस नेता वजीर सिंह पूनिया ने केन्द्र सरकार द्वारा रसोई गैस के मूल्यों में की गई 50 रुपये की बढ़ोतरी तथा पेट्रोल व डीजल पर दो रुपये टैक्स बढ़ाने की निंदा की है। उन्होंने कहा कि रसोई गैस के मूल्यों में बढ़ोतरी से जनता पर जहां सीधा असर पड़ेगा वहीं पैट्रोल व डीजल पर अधिभार लगाने से जनता पर अप्रत्यक्ष रुप बोझ पड़ेगा। वजीर सिंह पूनिया ने कहा कि केन्द्र सरकार का यह कदम पूरी तरह से जनविरोधी है।

यूथ मैन व वुमैन जिला बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन

## अगर इंसान के इरादे मजबूत हों तो कोई भी रिंग जीतना नामुमकिन नहीं : निशु पंघाल

### बॉक्सिंग प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाए अपने पंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

तीसरी यूथ मैन व वुमैन जिला बॉक्सिंग प्रतियोगिता लीडिंग बॉक्सिंग एकेडमी में हुई। मुख्य अतिथि के रुप में समाजसेविका निशु पंघाल, डॉ. वतन पंघाल व संदीप जांगड़ा (पटवारी) ने भाग लेकर खिलाडियों को आशीर्वाद दिया। निशु पंघाल ने अपने संबोधन में कहा कि मुक्केबाजी सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि अनुशासन, संघर्ष और आत्मविश्वास की यात्रा है। हर एक पंच के पीछे घंटों की मेहनत और आगे बढने का संकल्प होता है। उन्होंने मुक्केबाजों और उनके परिवार को संदेश दिया कि मुश्किलें चाहे जितनी भी हों, अगर इरादे मजबूत होंगे तो कोई भी रिंग जीतना नामुमकिन नहीं। उनका आत्मविश्वास और समर्पण हर खिलाड़ी को अपने लक्ष्य की ओर आगे बढने की ताकत देता है।

यूथ बॉक्सिंग एसोसिएशन हिसार के प्रधान भगत सिंह लौरा ने विजेता बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि यह जीत सिर्फ एक पदक की नहीं, बल्कि मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास की जीत है। उन्होंने बच्चों को प्रेरित किया कि वे अपनी मेहनत को जारी रखें और आने वाले समय में देश का नाम रोशन करें। भगत सिंह लौरा ने यह भी कहा कि हार और जीत खेल का हिस्सा हैं, लेकिन सच्चा खिलाड़ी वही है जो हर परिस्थिति में डटकर खड़ा रहता है। उनका मार्गदर्शन बच्चों के लिए एक प्रेरणा स्रोत बन गया। इस मौके पर लीडिंग बॉक्सिंग अकैडमी के कोच सतीश जांगड़ा ने बच्चों की इस उपलब्धि पर बधाई दी। इस अवसर पर बॉक्सिंग कोच सुनील राणा, सतीश काजल, गुलशन, सतपाल, राजेश श्योराण, कृष्ण कुमार, अनिल, नवीन, देव, विकास इंदौरा आदि रहे।



हिसार। लीडिंग बॉक्सिंग एकेडमी में हुई जिला बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भाग लेते बॉक्सर।

मत्स्य किसानों व अधिकारियों की ली बैठक

## आयुक्त व सचिव ने प्रशिक्षण संस्थान का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

आयुक्त एवं सचिव अमनीत पी. कुमार ने हिसार स्थित जलीय कृषि अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने हिसार मंडल के मत्स्य किसानों व अधिकारियों के साथ एक बैठक भी की। बैठक के दौरान आयुक्त एवं सचिव अमनीत पी. कुमार को मत्स्य/झींगा किसानों द्वारा मत्स्य पालन के दौरान आने वाली समस्याओं से अवगत करवाया गया। उन्होंने किसानों की समस्याओं को सुना और उनको दूर करने को लेकर आश्वस्त भी किया। इस दौरान लगभग 70 किसानों ने भाग लिया। बैठक में उपनिदेशक सुरेन्द्र कुमार, एफआरओ अनिल कुमार, जिला मत्स्य अधिकारी भीम सैन, जिला मत्स्य अधिकारी फतेहाबाद राजेश बेनीवाल आदि मौजूद रहे।



हिसार। बैठक के दौरान किसानों व अधिकारियों को संबोधित करते हुए आयुक्त एवं सचिव अमनीत पी. कुमार। फोटो :हरिभूमि

## पुलिसकर्मियों की एसीपी काटने के नोटिस पर हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पुलिस कर्मचारियों को जारी किए गए एसीपी वापसी के नोटिस के खिलाफ हरियाणा पुलिस एसीपी बचाओ संघर्ष समिति ने प्रदेशाध्यक्ष दिनेश सिवाच ने पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दी है। हाईकोर्ट ने याचिका स्वीकार करते हुए राज्य सरकार से 15 जुलाई तक जवाब मांगा है। साथ ही हाईकोर्ट ने आदेश दिया है कि इस दौरान याचिकाकर्ताओं की तनख्वाह से कोई छेड़छाड़ नहीं होनी चाहिए। दरअसल पुलिस महानिदेशक द्वारा कांस्टेबल और एग्जंप्टी हेड कांस्टेबल (ईएचसी) को एसीपी (सुनिश्चित कैरियर प्रगति) स्केल के बारे में जारी निर्देशों के बाद लगभग सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों ने पुलिस कर्मचारियों को एसीपी काटने के नोटिस जारी किए थे। इन नोटिस के खिलाफ पुलिस कर्मचारियों ने एकत्रित होकर हरियाणा पुलिस एसीपी बचाओ संघर्ष समिति बनाई।

**कार्यक्रम** प्रदेश में सरकार की तरफ से गेहूं की सरकार खरीद के पुख्ता प्रबंध नहीं

## गेहूं व सरसों की खरीद, उठान व भुगतान 48 घंटे में करें सरकार : बजरंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने अपने अनाज मंडियों के दौरे के दौरान गेहूं खरीद का जायजा लिया और किसान व आढ़तियों की समस्या सुनी। व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने गेंहू खरीद का जायजा लेने के उपरांत कहा कि हरियाणा सरकार की तरह से सरकारी गेहूं खरीद के लिए कोई पुख्ता प्रबंध नहीं है। अभी तक हिसार सहित कई अनाज मंडियों में गेहूं उठान का ठेका तक नहीं दिया और सरकार ने गेहूं खरीद के लिए अनाज मंडी के आढ़तियों को बारदाना तक नहीं दिया है जबकि गेहूं की सरकारी खरीद 1 अप्रैल 2025 से मंडियों में शुरु हो चुकी है। बजरंग गर्ग ने कहा कि मुख्यमंत्री का यह ब्यान देना की सरसों व गेंहू की खरीद, उठान व भुगतान 48 घंटे की अन्दर-अन्दर होगा वह गुमराह करने वाला ब्यान है। हकीकत यह है कि किसान अपनी सरसों को बेचने के लिए 20-20 दिन तक मंडियों में धक्के खा रहे है और किसान की सरसों सरकारी एर्जेसियां खरीद नहीं कर रही है।



हिसार। गेहूं खरीद का जायजा लेते व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ।

#### ये रहे मौजूद

*इस अवसर पर अनाज मंडी एसोसिएशन के जिला प्रधान पवन गर्ग, पूर्व प्रधान संजय गोयल बाबा, उप प्रधान बजरंग असरावां, जगदीश गोदारा, निरंजन गर्ग, सत्य प्रकाश आर्य, पवन बंसल, भूप सिंह बिजला, कृष्ण गोयल, निरंजन गोयल, रोहित केडिया आदि व्यापारी प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखें।*



# जाट का टाइटल ट्रैक रिलीज, सनी ने साउथ में दिखाया नॉर्थ का दम...

**नई दिल्ली।** सनी देओल की आने वाली फिल्म जाट का टाइटल ट्रैक रिलीज कर दिया है। जाट के ट्रेलर की तरह ही ये गाना भी फैन्स को खूब पसंद आ रहा है। इससे पहले उर्वशी रौतेला का एक स्पेशल सॉन्ग 'दिल तुझको ही दूंगी पहले सॉरी बोल' रिलीज किया गया था। थमन के म्यूजिक ने उस गाने में भी दर्शकों का दिल जीता और टाइटल ट्रैक ने तो फिल्म पर चार चांद लगा दिए हैं। ऐसा लग रहा है जैसे कि ये गाना पूरी तरह से सनी देओल की पर्सनैलिटी को ध्यान में रखते हुए ही बनाया गया है। सनी देओल, रणदीप हुड्डा और विनीत कुमार सिंह की जाट 10 अप्रैल को आ रही है। सलमान खान की सिकंदर के बाद ये दूसरी बड़ी फिल्म है जो बॉक्स ऑफिस पर आई है।

## लाइफ Style



# अपूर्वा

## कहानीकार से कहानी को दूर मत करो

एजेंसी ⏭ मुंबई

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और अभिनेत्री अपूर्वा मुखीजा इस साल फरवरी में शुरू हुए 'इंडियाज गॉट लैटेंट' विवाद को लेकर मुश्किलों में फंसी हुई थीं। विवाद शुरू होने के ठीक दो महीने बाद मंगलवार, 8 अप्रैल को अपूर्वा ने अपना पहला पोस्ट शेयर किया।

पोस्ट में उन्हें धमकी देने वाले सैकड़ों कमेंट और संदेशों के स्क्रीनशॉट शामिल थे। पोस्ट की पहली स्लाइड में लिखा था, 'ट्रिगर वार्निंगः इस पोस्ट में एसिड अटैक, बलात्कार की धमकियां और मौत की धमकियां शामिल हैं।' अगली 19 स्लाइडों में नफरत, गाली-गलौज, बलात्कार की धमकियां और मौत की धमकियों से भरे मैसेज और टिप्पणियां थीं, जिनमें 'मां बाप ने कुछ सिखाया नहीं क्या?', 'घटिया लड़की', 'क्या तुम्हें शर्म नहीं आती?', 'ध्यान आकर्षित करने वाला व्यवहार' जैसी टिप्पणियां थीं। ये उनके द्वारा साझा किए गए सैकड़ों मैसेज के स्क्रीनशॉट में से कुछ टिप्पणियां थीं।


उन्होंने पोस्ट साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, 'और यह एक प्रतिशत भी नहीं है।' पहली पोस्ट साझा करने के बाद अपूर्वा ने कुछ ही मिनटों बा एक और पोस्ट साझा की, जिसमें लिखा था, 'कहानीकार से कहानी को दूर मत करो।' वहीं, कई यूजर्स और उनके कई साथियों ने उनकी पोस्ट पर कमेंट किया और उनका समर्थन किया। अपूर्वा सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अपने प्रशंसकों के बीच 'द रिबेल किड' के रूप में जानी जाती हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 3 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# 'थंडरबोल्ट्स' का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल स्टूडियोज ने अपनी आगामी फिल्म 'थंडरबोल्ट्स' का ट्रेलर जारी कर दिया है। एक मिनट 34 सेकंड के ट्रेलर में लोगों को एवेंजर्स को याद करते और 'थंडरबोल्ट्स' को उनकी जगह लेते हुए देखा जा सकता है। ट्रेलर में काफी दमदार एक्शन भी देखने को मिला। इसे देखकर लगता है कि कहानी एंटी-हीरोज के हीरो बनने की है। ट्रेलर की शुरुआत एवेंजर्स की कमी खलने से होती है। उनकी कमी पूरी करने के लिए एक प्रयोग किया जाता है, जो बहुत ही भयावह साबित होता है।



# आखिरी मिशन पर निकले टॉम क्रूज...

**नई दिल्ली।** मिशन इम्पॉसिबल हॉलीवुड की सबसे पॉपुलर फिल्म फ्रैन्चाइज में से एक है। इस सुपर फेमस फ्रैन्चाइज की छोटी से छोटी झलक के लिए फैंस बेचैन रहते हैं। मिशन इम्पॉसिबल के फैंस सीमित नहीं हैं, बल्कि पूरे विश्व में इस फ्रैन्चाइज के चाहने वाले मौजूद है। हॉलीवुड सुपरस्टार टॉम क्रूज की मिशन इम्पॉसिबल फ्रैन्चाइज एक बड़ा माइल्स्टोन मानी जाती है। मिशन इम्पॉसिबल के सभी पार्ट्स में एक्शन का भरपूर डोज दिया जाता रहा है और इसमें पर्फॉर्म किए गए स्टंट्स की सरहाना पूरी दुनिया के फिल्ममेकर्स करते हैं। सोमवार को मिशन इम्पॉसिबल फ्रैन्चाइज की आखिरी फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबलः द फाइनल रेकनिंग' का ट्रेलर रिलीज हुआ है।



# नेटिजन्स हुए खूबसूरती के दीवाने...

**मुंबई।** बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री डिंपल कपाड़िया ने हाल ही में मुंबई में हुए मैडॉक की सालगिरह की पार्टी में हिस्सा लिया। इस दौरान उनके साथ उनकी नातीन नाओमिका सरन भी नजर आईं। नाओमिका ने तुरंत सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। उन्होंने अपनी नानी के साथ पैपराजी के लिए पोज भी किया। नाओमिका का लुक नेटिजन्स को काफी पसंद आया और उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा। नाओमिका को जैसे ही नेटिजन्स ने देखा उनकी खूबसूरती की तारीफ करने लगे। एक यूजर ने लिखा, क्यूट, एक अन्य ने लिखा, मिनी ट्विंकल खन्ना, एक और ने कमेंट किया, 'हां यार ये तो कैटरीना और ऐश्वर्या से बेहतर लग रही है। एक्टिंग पता नहीं कैसी है। हां अगर एक्टिंग अच्छी हुई तो अच्छी-अच्छी अभिनेत्रियों को ये पीछे कर देगी।'



# 'विकी डोनर' 18 अप्रैल को होगी री-रिलीज

**मुंबई।** सामाजिक मुद्दों से जुड़ी फिल्में करने के लिए मशहूर अभिनेता आयुष्मान खुराना एक बार फिर से सिनेमाघरों में धमाल मचाने आ रहे हैं। वो भी अपनी पहली फिल्म के साथ। जी हां, सही सुना आपने। फिल्मों के री-रिलीज की लिस्ट में अब आयुष्मान खुराना की पहली फिल्म 'विकी डोनर' का भी नाम शामिल हो गया है। इस बात की जानकारी खुद फिल्म की अभिनेत्री यामी गौतम ने दी है कि फिल्म फिर से सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म की मुख्य अभिनेत्री यामी गौतम ने विकी डोनर के री-रिलीज के बारे में जानकारी देते हुए अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट साझा की है। अभिनेत्री ने फिल्म का एक पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, 'वह फिल्म जहां से हमारे लिए सबकुछ शुरू हुआ। फिर मिलेंगे सिनेमाघरों में। 18 अप्रैल की तारीख सेव कर लीजिए।'

## टीवी मसाला



# कड़वाहट से शुरू होगी प्रेम कहानी! अबरार के आगामी शो का प्रोमो जारी

**नई दिल्ली।** दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए टीवी पर एक नया शो आने को तैयार है। आगामी शो 'कभी नीम नीम कभी शहद शहद' का प्रोमो निर्माताओं ने जारी किया। प्रोमों में दो एक दम अलग-अलग विचारधारों के लोगों के बीच प्यार और कड़वाहट जन्म लेता दिखा। प्रोमो में एक लड़की 'कथा', जिसे पेड़ और पौधों से बहुत प्यार है अपने गार्डेन के साथ काफी खुश नजर आती है। उसकी मां उसे टोकते हुए प्यार से कहती है, इन पौधों से ही शादी करोगी क्या? इसके बाद वह बीते हुए कल का उदाहरण देकर बात को टाल देती है। अगले ही पल एक रइसजादा (उदय) जो शेफ और जिसे कुकिंग से प्यार है उससे टकराता है, जिससे कथा के पौधे टूट जाते हैं। गोबर लगने से उदय नाराज हो जाता है। दोनों की बीच एक तीखी बहस होती है। उदय कसम खाता है कि वह उसे अपने प्यार में गिरा कर छोड़ देगा। यह धारावाहिक स्टार प्लस पर प्रसारित होगा। इसमें एक पारिवारिक ड्रामा और प्यार दोनों ही देखने को मिलने की उम्मीद है। 21 अप्रैल से शाम 7 बजे से इसका प्रसारण शुरू होगा। दर्शक इसे ओटीटी पर भी देख सकते हैं। शो में अबरार काजी और आफिया तायबली मुख्य भूमिका निभाएंगी। अबरार पहले से ही टीवी शो के माध्यम से लोगों को दिलों में जगह बना चुके हैं। उन्हें आखिरी बार 'कुमकुम भाग्य' में देखा गया था, जहां उन्हें राची शर्मा के साथ देखा गया था।

## छह सीजन जज करने के बाद विशाल ने छोड़ा 'इंडियन आइडल'

**नई दिल्ली।** मशहूर गायक-संगीतकार विशाल ददलानी ने छह सीजन तक इसके पैनल में जज रहने के बाद सिंगिंग रियलिटी शो इंडियन आइडल को अलविदा कह दिया। उन्होंने सोमवार को अपने सोशल



मीडिया पर इंडियन आइडल के साथ अपने रिश्ते के खत्म होने की घोषणा की और कहा कि अब वह अपना सारा समय और एनर्जी दुनिया भर में संगीत बनाने और परफॉर्म करने में लगाना चाहते हैं। विशाल ने अपने इंस्टाग्राम पर श्रेया घोषाल और बादशाह के साथ एक प्यारा सा वीडियो साझा किया। इसके साथ ही उन्होंने एक लंबा नोट लिखा, जिसमें लिखा था, 'अलविदा, यारो। सीजन 6 में जितना मजा किया, उससे भी ज्यादा याद आएगी। हक से ज्यादा प्यार मिला है, इस शो की वजह से। इसमें शामिल सभी लोगों का हमेशा आभारी हूं। मुझे उम्मीद है कि शो मुझे उतना ही याद करेगा जितना मैं इसे मिस करूंगा।'

# 900 फिल्मों में काम करके बना 85 हीरोइन का हीरो...

**नई दिल्ली।** अक्सर फिल्म स्टार्स के बारे में कुछ फिगर्स डिक्लेयर किए जाते हैं, जिसमें बताया जाता है कि उन्होंने एक साल में कितनी फिल्मों में काम किया या ताउम्र कितनी फिल्मों में सक्रिय रहे। जैसे अक्षय कुमार के लिए कहा जाता है कि वो एक दौर में साल में सबसे ज्यादा फिल्म करने वाले स्टार थे। लेकिन, वो कभी एक हीरो का रिकॉर्ड नहीं तोड़ सके। इस हीरो ने सौ या दो सौ नहीं, बल्कि अपने पूरे कॅरियर में करीब 900 फिल्मों में काम किया था। इन 900 फिल्मों में से 700 फिल्में ऐसी थीं जिसमें वो लीड रोल में दिखे। चालीस फिल्मों में उन्होंने डबल रोल भी किए।



***साउथ के फिल्मों से बने सुपरस्टार :*** हम जिस एक्टर का यहां जिक्र कर रहे हैं उस एक्टर का नाम है प्रेम नजीर। प्रेम नजीर ने साउथ इंडियन फिल्मों से अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। उनके नाम सबसे बड़ा रिकॉर्ड दर्ज है एक साल में रिलीज हुई फिल्मों का। कुछ साल ऐसे रहे जब प्रेम नजीर की 39-39 फिल्में रिलीज हुई हैं। मलयालम इंडस्ट्री को पूरी दुनिया में पहचान दिलाने का क्रेडिट भी उन्हें ही दिया जाता है। ज्यादा फिल्में करने का असर कभी उनकी एक्टिंग पर नहीं पड़ा। कहा जाता है कि वो इतनी रियलिस्टिक एक्टिंग करते थे कि फिल्म मेकर्स भी हैरान रह जाते थे।

***इस फिल्म से किया डेब्यू :*** प्रेम नजीर ने अपने पूरे फिल्मी कॅरियर में 40 फिल्मों में डबल और ट्रिपल रोल भी किया। इस दौरान उन्होंने 85 हीरोइन्स के साथ स्क्रीन शेयर की। उनकी पहली फिल्म साल1952 में रिलीज हुई थी, जिसका नाम था मरूमकल। इसके बाद उनकी फिल्म विसाप्पिंटे विली रिलीज हुई, जिसने उन्हें घर-घर में फेमस बना दिया। आपको बता दें कि प्रेम नजीर का असली नाम अब्दुल खादिर था। लेकिन, फिल्मी दुनिया में उन्हें प्रेम नजीर के नाम से पहचान मिली और फैन्स का प्यार भी।

# इस एक्टर को अपनी गाड़ी में घर छोड़ने आते थे दिलीप कुमार, पंडित नेहरू ने दे दी थी फेवरेट छड़ी

***नई दिल्ली।*** *अमिताभ बच्चन और धर्मेंद्र स्टारर फिल्म शोले में सूरमा भोपाली का किरदार निभाने वाले एक्टर सैयद इश्तियाक अहमद जाफरी उर्फ जगदीप को ऑडियंस से काफी सराहना मिली। उन्होंने अपनी फिल्मों में कॉमेडियन के अलावा गंभीर किरदार भी निभाए। अपनी शानदार एक्टिंग के लिए मशहूर हुए एक्टर की जिंदगी में एक ऐसा समय भी आया था जब उन्हें खुद दिलीप कुमार उनके घर तक छोड़ने आते थे। उस समय के पीएम पंडित जवाहरलाल नेहरू ने तो अपनी पसंद की छड़ी तक एक्टर को दे दी थी। जगदीप के बेटे एक्टर जावेद जाफरी ने एक इंटरव्यू में पिता को याद करते हुए उनकी जिंदगी से जुड़े कई किस्से शेयर किए थे। एक्टर ने अपने पिता की जिंदगी के स्ट्रगल की कहानी सुनाने के बाद कहा, 'फुटपाथ में उन्होंने दिलीप कुमार के बचपन का किरदार निभाया था। मुहुर्त शॉट*



*उन्हीं पर लिया गया था। उन्हें रोना था उस सीन में। मेरे पिता ने बिना ग्लिसरीन लगाए ही रोने का वो सीन प्ले किया। उन्होंने वो सीन इतनी अच्छी तरह से निभाया कि दिलीप कुमार भी उनकी एक्टिंग पर फिदा हो गए। दिलीप साहब ने मेरे पिता को सौ रुपए इनाम दिया।'*

### इस बच्चे के ऑटोग्राफ लीजिए

*आगे एक्टर ने बताया, 'मेरे पिता और दादी तब तक माहिम में एक छोटी सी खोली किराए पर ले चुके थे। उस दिन की शूटिंग खत्म होने के बाद दिलीप साहब मेरे पिता को अपनी कार से छोड़ने माहिम आए थे। दिलीप साहब ने उन्हें एक पेट्रोल पंप के पास छोड़ा था। जब दिलीप साहब पेट्रोल पंप पर रुके तो वहां कुछ लोग उनके ऑटोग्राफ लेने आए। दिलीप साहब ने उनसे कहा कि इस बच्चे के ऑटोग्राफ लीजिए।*

### फिल्म इंडस्ट्री में लोग कहते थे मुन्ना

आगे एक्टर ने 'मेरे पिता को याद नहीं कि उन्हें जगदीप नाम किसने दिया था। मगर, उन्हें ये नाम पसंद था। उनका असली नाम सैयद इश्तियाक अहमद जाफरी था। और फिल्म इंडस्ट्री में लोग उन्हें मुन्ना कहते थे। नेहरू जी ने उन्हें फ्रिल्म 'हम पंछी एक डाल के' के लिए अपनी छड़ी गिफ्ट की थी। नेहरू जी ने उस फ्रिल्म के सभी बाल कलाकारों को अपने घर नाश्ते के लिए इनवाइट किया था। मेरे पिता की उम्र तब 15 साल थी। नेहरूजी ने सबको गिफ्ट दिए। मगर, जब मेरे पिता की बारी आई तो गिफ्ट खत्म हो गए। तब नेहरूजी ने अपनी छड़ी उठाई और मेरे पिता से कहा, 'मुझे मेरी ये छड़ी बहुत पसंद है। मगर, आज से ये तुम्हारी हुई।' वो छड़ी मेरे पिता ने हमेशा संभालकर रखी।'

## अनाउंसमेंट के वक्त ही लोगों का खींचा था अपनी ओर ध्यान

# इन बड़ी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार कर रहे फैंस, लिस्ट में रामायण भी शामिल

***नई दिल्ली।*** *किसी भी फिल्म की घोषणा के बाद से ही फैंस उस फिल्म को लेकर काफी एक्साइटेड हो जाते हैं। क्योंकि वो अपने पसंदीदा कलाकार को बड़े पर्दे पर धमाल मचाते हुए देखना चाहते हैं। इसलिए वो फिल्म से जुड़ी एक-एक अपडेट चाहते हैं और अगर कई दिनों तक फिल्म के बारे में कोई अपडेट न मिले, तो फैंस फिल्म के मेकर्स से सवाल करने लगते हैं। पिछले कुछ वक्त से बॉलीवुड से लेकर साउथ तक की कुछ ऐसी फिल्में हैं, जिन्होंने अपने अनाउंसमेंट के वक्त ही लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा था। लेकिन अब उनकी अनाउंसमेंट को काफी वक्त बीत जाने के बाद भी फिल्म को लेकर कोई जानकारी काफी वक्त से सामने नहीं आई है। जिसके बाद अब फैंस फिल्मों के मेकर्स से सवाल कर रहे हैं। इस लिस्ट में बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर से लेकर साउथ के मेगा स्टार चिरंजीवी तक की फिल्में शामिल हैं।*

**विश्वंभरा :** साल 2023 में चिरंजीवी के जन्मदिन के मौके पर उनके फैंस को तोहफा देते हुए उनकी नई फिल्म 'विश्वंभरा' की घोषणा की गई थी। हालांकि,



ऐलान के वक्त फिल्म को 'मेगा' नाम से प्रजेंट किया गया था। बाद में फिल्म का नाम विश्वंभरा बताया गया। फिल्म की घोषणा के बाद से ही फैंस इस फिल्म के लिए उत्साहित हैं। पहले इस फिल्म को इसी साल मकर संक्रांति के मौके पर रिलीज किया जाना था, लेकिन बाद में फिल्म को आगे बढ़ा दिया गया। इसके बाद कहा गया कि फिल्म मई 2025 तक रिलीज हो सकती है, मगर अब जानकारी सामने आ रही है कि फिल्म मई में भी रिलीज नहीं होगी। ऐसे में फिल्म के बारे में मेकर्स की ओर से कोई जानकारी सामने न आने पर फैंस मेकर्स से सवाल कर रहे हैं और फिल्म को लेकर नई अपडेट देने की अपील कर रहे हैं।

**हरि हर वीरा मल्लू :** सुपरस्टार पवन कल्याण की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लूः पार्ट 1– स्वॉर्ड वर्सेस स्पिरिट' को लेकर भी फैंस के बीच काफी एक्साइटमेंट है। होली पर मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट का एलान करते हुए बताया था कि फिल्म 9 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। दर्शकों की बेचैनी तब बढ़ गई जब अप्रैल तक फिल्म को लेकर कोई नई जानकारी सामने नहीं आई और न ही फिल्म का प्रमोशन शुरू हुआ। हाल ही में फैंस ने मेकर्स से फिल्म को लेकर सवाल किए हैं और उनसे फिल्म के प्रमोशन को शुरू करने की अपील की है।



**कल्कि-2 :** फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' की सफलता के बाद से फैंस फिल्म के अगले पार्ट के लिए काफी उत्साहित हैं। मगर फैंस को फिल्म से जुड़ी कोई पुख्ता जानकारी हासिल नहीं हो पा रही है। हालांकि, बीच में ऐसी खबरें आई थीं कि फिल्म को इसी साल के अंत तक रिलीज करने की योजना है। लेकिन अभी तक ये साफ नहीं हो पाया है कि फिल्म की शूटिंग कब तक शुरू होगी या हो चुकी है।



**हेरा फेरी-3 :** जिन फिल्मों का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, उनमें प्रियदर्शन की कल्ट कॉमेडी फिल्म हेरा-फेरी का तीसरा पार्ट हेरा फेरी 3 भी शामिल है। बीते दिनों निर्देशक प्रियदर्शन ने ये कहकर दर्शकों का उत्साह और भी बढ़ा दिया कि वो जल्द ही फिल्म की शूटिंग शुरू करना चाहते हैं। हालांकि, अभी तक फिल्म को लेकर कोई पुख्ता जानकारी सामने नहीं आई है।



**रामायण :** रणबीर कपूर की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रामायण' को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। जबसे फिल्म की घोषणा हुई है, फैंस बड़ी ही बेसब्री से फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही इस फिल्म को दो भागों में रिलीज किए जाने की तैयारी है। हाल ही में रामनवमी के मौके पर फैंस को उम्मीद थी कि फिल्म से जुड़ी कोई अहम जानकारी सामने आएगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जिसके बाद फैंस ने निर्देशक नितेश तिवारी से फिल्म को लेकर कोई अपडेट देने की मांग की थी।




**कार्तिक आर्यन की अनाम फिल्म :** कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म को लेकर लगातार चर्चाओं में बने हुए हैं। फिल्म की शूटिंग के वीडियो और फोटोज लगातार समने आ रहे हैं। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ अभिनेत्री श्रीलीला नजर आएंगी। अनुराग बसु द्वारा निर्देशित इस फिल्म के बारे में फैंस नई अपडेट का इंतजार कर रहे हैं।



खबर संक्षेप



## कबीर सत्संग भवन में 29वां अखंड पाठ संपूर्ण

**हिसार।** महावीर कॉलोनी में महात्मा ज्योतिबा फूले चौक स्थित कबीर सत्संग भवन में रामनवमी पर्व के उपलक्ष्य में 6 अप्रैल से 8 अप्रैल तक जगतगुरु आचार्य गरीबदास महाराज की अमृतमयी वाणी का तीन दिवसीय 29वां अखण्ड पाठ आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन सत्संग भवन के संचालक संत शिव दास के सानिध्य में हुआ। संत शिव दास ने सभी श्रद्धालुओं से कहा कि पूर्ण परमात्मा सत पुरुष श्री राम का चरित्र हमारे लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। उनके चरित्र से प्रेरणा लेकर हमें जीवन में उनके आदर्शों व आचरण को अपनाना चाहिए।

## 9 किलोग्राम 608 ग्राम चूरापोस्त बरामद

**हिसार।** पुलिस की नशा निरोधक पुलिस टीम ने भानू चौक से एक ट्रक चालक को काबू करके 9 किलोग्राम 608 ग्राम चूरा पोस्त बरामद किया है। पुलिस ने ट्रक व चूरापोस्त कब्जे में ले लिया है।

टीम प्रभारी उप निरीक्षक इंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने गश्त के दौरान सूचना के आधार पर भानू चौक पर जिंदल पुल की तरफ से आ रहे एक ट्रक चालक को काबू किया। पूछताछ में उसने अपना नाम पंजाब के फिरोजपुर जिले के लोधरा निवासी सतनाम सिंह बताया। ट्रक की तलाशी लेने पर ट्रक की सीट के नीचे एक प्लास्टिक के कट्टे में चूरा पोस्त बरामद हुआ जिसका वजन करने पर कुल 9 किलोग्राम 608 ग्राम हुआ। सतनाम की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। बरामद चूरापोस्त, मोबाइल फोन और ट्रक को कब्जे में लेकर सतनाम सिंह के खिलाफ सदर थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

## सकसं प्रदेशभर में 11 को प्रदर्शन कर सौंपेगा ज्ञापन

**हिसार।** हरियाणा सरकार द्वारा विभिन्न विभागों से कौशल निगम के कर्मचारियों को ड्यूटी से हटाना दुर्भाग्यपूर्ण है। सर्व कर्मचारी संघ जिला की टीम के प्रधान सुरेंद्र यादव, वरिष्ठ उपप्रधान नरेश गौतम, सचिव राजेश बागड़ी, कैशियर मास्टर पवन कुमार, सहसचिव अशोक सैनी व प्रेस सचिव दलीप सोनी ने कहा कि हरियाणा सरकार ने विधानसभा चुनाव से पहले पूरे प्रदेश के कच्चे कर्मचारियों को जॉब सुरक्षा की गारंटी दी गई और सरकार से संबंधित यूनियनों ने सरकार की जमकर वाहवाई की। चुनाव के उपरांत अब तक प्रदेश सरकार हरियाणा रोजगार कौशल निगम के लगे हुए कर्मचारियों को विभिन्न विभागों मुख्य रूप से सिंचाई, पशुपालन, पंचायत विभाग में लगे कनिष्ठ अभियंता और अन्य से लगभग 4500 से 5000 कर्मचारियों को नौकरी से हटा चुकी है। संघ सरकार के कच्चे कर्मचारियों को हटाने के फैसले की कड़े शब्दों में निन्दा करता है। कच्चे कर्मचारियों को रोजगार सुरक्षित करने के लिए पूरे प्रदेश में 11 अप्रैल को सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा।


### ट्रस्ट की ओर कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग के नेतृत्व में शिवपुराण कथा जारी

# मनुष्य को भागदौड़ भरी जिंदगी में शिव जाप के लिए समय निकालना चाहिए : साध्वी

साध्वी जी ने श्रद्धालुओं को बताया 'सब समस्याओं का हल-एक लौटा जल'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

श्री प्रयागगिरी शिवालय ट्रस्ट की ओर से संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग के नेतृत्व में चल रही श्री शिवपुराण कथा में भारी संख्या में नगरवासी पहुंचकर कथा का आनंद ले रहे हैं। इसमें महामंडलेश्वर साध्वी करूणागिरी जी महाराज ने दूसरे दिन प्रवचन करते हुए श्रद्धालुओं को शिव लिंग के दर्शन, शिव लिंग की उत्पति, ओम कैसे प्रकट हुआ, किस दिन पंचाक्षर मंत्र का जाप करने का अधिक महत्व है, सदगृहस्थ को शिव लिंग की पूजा कैसे करनी चाहिए, शिव लिंग की स्थापना कैसे हो और शिव लिंग की पूजा कैसे करनी चाहिए, बारे विस्तार से बताया। श्रद्धालुओं से भरे पंडाल में भक्तों को शिवपुराण कथा के दौरान महामंडलेश्वर साध्वी करूणागिरी जी महाराज ने बताया कि जिस प्रकार दर्पण को साफ करने से दर्पण साफ हो जाता है, उस प्रकार भगवान शिव की कथा सुनने से हमारा मन साफ हो जाता है। शिव भगवान की नित्य पूजा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज भागदौड़ की जिंदगी में मनुष्य हर काम के लिए समय निकाल रहा है लेकिन भगवान की भक्ति के लिए समय नहीं निकाल पा रहा है। यदि वह भगवान की भक्ति के लिए समय निकाल लें तो उसकी सारी समस्याओं का समाधान हो सकता है।



**हिसार।** कथा के दौरान अतिथियों को स्मृति चिन्ह देते श्री प्रयागगिरी शिवालय ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग।

**कार्यक्रम में ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम के दौरान श्री प्रयागगिरी शिवालय ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने प्रमुख समाजसेवी इन्द्र शर्मा, पंजाबी धर्मशाला प्रधान शम्मी नागपाल, प्रमुख समाजसेवी एडवोकेट गोपीचंद वर्मा, अग्रोहा धाम निर्माण समिति के अध्यक्ष ऋषिराज गर्ग, सीए पवन गिरधर, सीएम विंडो इंचार्ज सुनील वर्मा को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। मंच का संचालन ओमप्रकाश असीजा ने किया। कार्यक्रम में सुरेन्द्र सिंगल, ओमप्रकाश असीजा, रमेश लोहिया, श्याम बिहारी सिंगल, जगत नारायण, प्रवीण जैन, मोहन तनेजा, गुलशन महाजन, राम अवतार सिंगला, मनोहर लाल नांगरू, सतपाल असीजा, सज्जन गुप्ता सहित महिला व पुरुषों ने हजारों की संख्या में भाग लिया।

## पूछो उन्हीं से, जो पंडित हों : उपेन्द्र मुनि



**हिसार।** ब्राह्मण कुल में जन्मा हुआ निरक्षर व्यक्ति भी भारतवर्ष के हिन्दू समाज में 'पंडित' कहलाता है। यहां 'पंडित' और 'विद्वान' शब्द एक ही अर्थ में प्रयुक्त होते हैं। परंतु जैन शास्त्रों में 'पंडित' शब्द का अर्थ भिन्न प्रकार से किया गया है। वहां कहा गया है- पण्डा बुद्धिः सा संजाता भष्येति पण्डितः। पण्डा बुद्धि को कहते हैं, और जो बुद्धि से युक्त हो, वही 'पंडित' कहलाता है। वह बुद्धि जो तत्त्वज्ञान में प्रवृत्त हो, धर्म का आचरण कराए, और आत्मकल्याण में रत हो, वही सच्ची बुद्धि है और उस बुद्धि को धारण करने वाला ही वास्तविक पंडित है। ये बातें जैन संत शांतश्री उपेन्द्र मुनि ने सेक्टर 14 में अपने प्रवास के दौरान गौरव जैन के निवास स्थान पर प्रवचन करते हुए कही। उपदेश देते हुए शांतश्री उपेन्द्र मुनि ने कहा कि केवल किसी एक शास्त्र में पारंगत हो जाना पंडित्य नहीं है। पंडित बनने के लिए शास्त्र ज्ञान के साथ-साथ चारित्रिक उत्कृष्टता भी अनिवार्य है। सीखने की कला में निपुण होना तो विद्वत्ता का चिह्न है, परंतु अपने ज्ञान और आचरण से दूसरों को भी सिखाने की क्षमता प्राप्त करना ही सच्चे पंडित्य का परिचायक है।

## प्रो. अनिल गुजवि स्टूडेंटस वेलफेयर के डीन नियुक्त



**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार (गुजविप्रौवि) के बायोटेक्नोलॉजी विभाग के प्रो. अनिल कुमार को विश्वविद्यालय का डीन स्टूडेंटस वेलफेयर नियुक्त किया गया है। प्रो. अनिल कुमार ने डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर का पद ग्रहण कर लिया है। इस अवसर पर पूर्व डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. योगेश चाबा ने उन्हें ज्वाइन करवाया और अपनी तरफ से शुभकामनाएं दी। प्रो. अनिल कुमार ने डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर का पदभार ग्रहण करने के उपरांत कहा कि कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है वे इसको बखूबी निभाएंगे। प्रो. अनिल कुमार इसी विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र हैं और वे बायोटेक्नोलॉजी विभाग में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत है। इसके अलावा वर्तमान में वे बायोटेक्नोलॉजी विभाग के अध्यक्ष के तौर पर भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। प्रो. अनिल भानखड़ का 19 वर्ष का शैक्षणिक एवं शोध कार्य का अनुभव है।

# हकृवि के सात विद्यार्थियों का प्राइवेट सेक्टर में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** चयनित विद्यार्थियों के साथ कुलपति प्रो . बी .आर . काम्बोज।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के तहत टाफे व एस्कॉर्ट कुबोटा कंपनी द्वारा कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। जिसमें टाफे में 4 तथा एस्कॉर्ट कुबोटा में 3 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज ने विद्यार्थियों को बधाई देते कहा कि विश्वविद्यालय में विश्व स्तर की शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध करवाने के साथ-साथ सरकारी एवं प्राइवेट सेक्टर में रोजगार के अवसर मुहैया करवाने के लिए प्लेसमेंट सेल द्वारा छात्रों का कैरियर, मार्गदर्शन और परामर्श प्रदान करने के लिए कार्यशालाएं और सेमिनार आयोजित किए जा रहे हैं। गौरतलब है कि टाफे व एस्कॉर्ट कुबोटा कंपनी में विद्यार्थियों का चयन व्यक्तिगत साक्षात्कार के आधार पर हुआ है। एस्कॉर्ट में चयनित विद्यार्थियों को 5 लाख रुपये वार्षिक जबकि टाफे में चयनित विद्यार्थियों को 6 लाख रुपये का वार्षिक पैकेज दिया जाएगा। टाफे में जोनी, प्रद्युम्न बिश्नोई, हर्षित गोयल तथा सुदीप का चयन हुआ है। इसी प्रकार एस्कॉर्ट में आकाश मौर्य, प्रशांत और कोमल दहिया का चयन हुआ है। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों की प्लेसमेंट के लिए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की कंपनियों को बुलाने के निरंतर प्रयास आगे भी जारी रहेंगे।

सम्मान पाकर दिखी चेहरे पर खुशी

# एसपी ने ईएसआई को स्टार लगा किया ऑनरेरी इंस्पेक्टर पदोन्नत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



**हांसी।** सब इंस्पेक्टर को स्टार लगा कर प्रोन्नति प्रदान करते पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र मीणा।

पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने मंगलवार को हांसी पुलिस लाइन में कार्यरत ईएसआई सुरेन्द्र को ऑनरेरी इंस्पेक्टर पदोन्नत कर कंधे पर स्टार लगा सम्मानित किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस जिला में तैनात उप निरीक्षक सुरेन्द्र को इंस्पेक्टर के पद पर पदोन्नति पाने पर पुलिस कप्तान ने कंधे पर स्टार लगाकर बंधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि सब इंस्पेक्टर सुरेन्द्र वर्ष 1989 में पुलिस विभाग में सिपाही पद पर भर्ती हुए और पुलिस विभाग में अपने कार्य के प्रति समर्पित रहते हुए पदोन्नति पाकर ऑनरेरी इंस्पेक्टर के पद तक पहुंचे है। सब इंस्पेक्टर सुरेन्द्र कुमार पुलिस जिला हांसी में शाखा सेना लिपिक व तल्फी मोहर्र के पद पर तैनात रहे है और अभी पुलिस लाईन हांसी में तैनात है।

# सनातन धर्म कन्या विद्यालय की 4 स्वयं सेविकाओं का चयन

- शिविर में भाग लेने वाले स्वयं सेविकाओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



**हांसी।** राज्य स्तरीय शिविर के लिए चयनित स्वयं सेविकाएं स्कूल प्राचार्या रेनू बंसल व कार्यक्रम अधिकारी अनीता रानी के साथ

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मुकलान में 30 मार्च से 5 अप्रैल तक आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के राज्य स्तरीय शिविर में सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से कार्यक्रम अधिकारी अनीता रानी और चार स्वयं सेविकाओं ललिता, रीतू, किरण, वंशिका का चयन किया गया। इस विशेष शिविर में भाग लेने वाले स्वयं सेविकाओं ने कार्यक्रम अधिकारी अनीता रानी के मार्गदर्शन में उल्लेखनीय भागीदारी दर्ज कर जिले व विद्यालय का नाम रोशन किया है। जिला संयोजक नरेंद्र सिंह दूहन ने बताया कि शिविर का आयोजन एनएसएस अधिकारी दिनेश कुमार नरवाल के मार्ग दर्शन में किया गया। शिविर में एसडी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की स्वयं सेविकाओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए भाषण, निबंध लेखन, मेहंदी, नारा लेखन, चित्रकला व नृत्य कला आदि प्रतियोगिताओं में जिला स्तर पर सफलता का परचम लहराया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अनीता रानी को खंड शिक्षा अधिकारी अनिल नेहरा और गुगन राम गोदारा व जिला स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी नरेंद्र सिंह दूहन के द्वारा गेस्ट ऑफ ऑनर के सम्मान से सम्मानित किया गया।

### अनीता रानी का स्कूल पहुंचने स्वागत किया

विद्यालय प्राचार्या रेनू बंसल ने शिविर की विजेता स्वयं सेविकाओं व कार्यक्रम अधिकारी अनीता रानी का स्कूल पहुंचने पर भव्य स्वागत किया। विद्यालय अध्यक्ष प्रीतम कुमार गोयल, प्रबंधक सज्जन कुमार अग्रवाल, प्रबंधन समिति के सदस्य चंद्रभान गर्ग, नकुल कुमार अग्रवाल, रजत कुमार अग्रवाल ने विजेता स्वयं सेविकाओं, कार्यक्रम अधिकारी अनीता रानी, विद्यालय प्राचार्या रेनू बंसल व समस्त विद्यालय स्टाफ को बधाई देते हुए चारों स्वयं सेविकाओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## प्रतियोगिता कंप्यूटर इंजीनियरिंग की पूनम रही प्रथम

**मंडी आदमपुर।** राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में लिटरेरी क्लब द्वारा छात्रों और कर्मचारियों के लिए राजकीय प्रौद्योगिकी संस्थानों के लिए अभिनव और प्रभावशाली नाम सुझाने के लिए एक प्रतियोगिता आयोजित की गई। विभिन्न विभागों के छात्रों ने अपने अभिनव विचारों का प्रदर्शन किया व संस्थानों की उत्कृष्टता को उजागर करने के लिए हिंदी और संस्कृत में नए नामों की उल्लेखनीय विविधता तैयार की। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल की भूमिका वेदपाल यादव, सुरेश पूनिया और विवेक दलाल ने निभाई। प्रतियोगिता में चतुर्थ सेमेस्टर कंप्यूटर इंजीनियरिंग की छात्रा पूनम ने प्रथम, छठे सेमेस्टर सिविल इंजीनियरिंग के छात्र कृष्ण कुमार ने द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर डीबीएम और कंप्यूटर इंजीनियरिंग के छात्र आशीष और मुस्कान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



**मंडी आदमपुर।** विजेता छात्रा पूनम को सम्मानित करते प्राचार्य।

देश के अमर शहीदों को नमन

# श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया शहीद मंगल पांडे का शहीदी दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



**हांसी।** शहीद मंगल पांडे को श्रद्धांजलि अर्पित करते समिति सदस्य।

शहीद भगत सिंह संगठन समिति के प्रधान सरदार कृष्ण इलावादी की अध्यक्षता में अमर शहीद मंगल पांडे का 168वां शहीदी दिवस बजरंग आश्रम हांसी में किशोरी नागपाल के नेतृत्व में श्रद्धाभाव से मनाया गया। कार्यक्रम में पहुंचे सभी सदस्यों ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी जितेन्द्र गिल, रोहनात ने शिरकत की। इस अवसर पर फतेह सिंह गुर्जर, किशोरी लाल ग्रोवर, कर्मबीर शास्त्री, विजयपाल शास्त्री, रामस्वरूप खट्टर, डॉ. मुन्ना अरोड़ा, राजकुमार जेई., हरीश इलावादी, हरीश पपनेजा, आर.एन. तंवर, महिला प्रधान शमां मल्होत्रा, मोनिका जांगड़ा, रमेश चुघ, रमेश भुटानी, कालू राम सिधर, ऋषि बजाज, संजय मुंजाल, अशोक, रामधन ठकराल आदि उपस्थित थे।

# भाविप ने उपविजेता टीम को किया सम्मानित

- प्रतिभाशाली विद्यार्थियों तमन्ना और जयंत को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी आदमपुर




**मंडी आदमपुर।** तमन्ना और जयंत को सम्मानित करते भाविप पदाधिकारी

शिक्षा के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए भारत विकास परिषद् द्वारा आयोजित भारत को जानो प्रतियोगिता में वरिष्ठ वर्ग के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों तमन्ना और जयंत को मंगलवार को भारत विकास परिषद् उत्तर-2 शाखा की ओर से सम्मानित किया गया। स्कूल में आयोजित समारोह में परिषद् के आदमपुर शाखा अध्यक्ष एडवोकेट अनिल गोयल, कोषाध्यक्ष दीपक गोयल, पूर्व शाखा अध्यक्ष संदीप सिंगला, शाखा सदस्य आनन्द शर्मा, सुरेश काकड़ और व्यापार मंडल के उपप्रधान संदीप गोयल के साथ ही विद्यालय से नरेश कौशल, चेयरमैन पपेंद्र ज्याणी और डायरेक्टर अनिरुद्ध बिश्नोई ने छात्रों को स्मृति चिन्ह और शुभकामनाएं प्रदान की।

### गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में आयोजित किया कार्यक्रम

# कैडेट्स ने यातायात जागरूकता अभियान चलाया

- कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करना सभी की जिम्मेदारी है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** गुजवि में यातायात जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते कुलसचिव डॉ . विजय कुमार।

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के एनसीसी विभाग की ओर से यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कैडेट्स को शपथ दिलाई और अभियान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्वयंसेवी कैडेट्स ने पूरे जोश के साथ सड़क सुरक्षा से संबंधित नारे लगाकर अभियान को सुचारू रूप से आगे बढ़ाया। कैडेट्स ने सड़क सुरक्षा के नारे लगाए। उन्होंने लोगों को यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया व शराब पीकर वाहन न चलाने की अपील भी की।

रैली में एनसीसी समन्वयक डॉ राजीव कुमार, सीटीओ कविता बहमनी, एनसीसी प्रशिक्षक मनीषा पायल, विश्वविद्यालय के सुरक्षा गार्ड व कैडेट्स ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। कैडेट्स यातायात नियमों का पालन करने संबंधी जागरूकता नारे लगाते हुए चल रहे थे। कैडेट्स ने बताया कि वाहन चलाते समय ईयरफोन व मोबाइल का प्रयोग न करें। नशीले पदार्थ का सेवन कर वाहन न चलाएं। यातायात नियमों का उल्लंघन न करें। एनसीसी समन्वयक प्रोफेसर राजीव कुमार ने कैडेटों का उत्साहवर्धन किया तथा यातायात नियमों का महत्व समझाया। रैली में एनसीसी समन्वयक डॉ राजीव कुमार, सीटीओ कविता बहमानी, एनसीसी प्रशिक्षक मनीषा पायल सहित 3 हरियाणा गर्ल्स बटालियन व 1 हरियाणा एयर स्क्वाड्रन एनसीसी के 34 एनसीसी कैडेट उपस्थित रहे।

सहायता पाकर खिले चेहरे

# गुजवि कुलपति ने 94 जरूरतमंद छात्रों को प्रदान की सहायता राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** जरूरतमंद तथा आर्थिक रूप से पिछड़े विद्यार्थियों को सहायता राशि के चेक प्रदान कुलपति प्रो . नरसी राम बिश्नोई। फोटो: हरिभूमि

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि शिक्षण संस्थानों का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल किताबी शिक्षा देना ही नहीं, बल्कि अपने सामाजिक दायित्व को पूरा करना भी है। उन्होंने विश्वविद्यालय के 94 जरूरतमंद विद्यार्थियों को 673500 रुपये की सहायता राशि प्रदान की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विजय कुमार व शैक्षणिक मामलों के अधिष्ठाता प्रो. योगेश चाबा उपस्थित रहे। कुलपति ने कहा कि गुरु जम्भेश्वर महाराज के नाम पर स्थापित यह विश्वविद्यालय प्राकृतिक संरक्षण के साथ-साथ सामाजिक न्याय के सिद्धांत पर भी चलता है। विश्वविद्यालय का प्रयास है कि कोई भी विद्यार्थी फीस न भर पाने के कारण अपनी पढ़ाई से वंचित न रहे। शैक्षणिक मामलों के अधिष्ठाता प्रो. योगेश चाबा ने बताया कि छात्र कल्याण विभाग द्वारा जिन जरूरतमंद विद्यार्थियों को यह सहायता दी गई है, उनमें से 59 छात्र तथा 35 छात्राएं ऐसे हैं जो आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से सम्बन्धित हैं जिनके पास आय का साधन नहीं है। वे अपनी फीस भरने में असमर्थ हैं।

खबर संक्षेप

### कैंपस प्लेसमेंट में विद्यार्थियों के साक्षात्कार हुए

**हिसार।** दयानन्द महाविद्यालय में महाविद्यालय के ट्रेनिंग व प्लेसमेंट सैल द्वारा कैंपस प्लेसमेंट के तहत साक्षात्कार का आयोजन किया गया। इसमें ड्रीम जॉब स्टाफिंग सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के डिप्टी मैनेजर मुस्कान बंसल व सीनियर रिक्रूटमेंट कंसल्टेंट पंकज द्वारा विद्यार्थियों के साक्षात्कार लिए गए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विक्रमजीत सिंह ने सभी विद्यार्थियों को इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ रेनू राठी, प्रबंधन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ सुरुचि शर्मा और ट्रेनिंग व प्लेसमेंट सैल के संयोजक डॉ नरेन्द्र कुमार ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### योग शिविर में योगासन की जानकारी दी

**हिसार।** स्वदेशी जागरण मंच द्वारा पतंजलि योग समिति के सहयोग से शुरू किए गए निशुल्क योग शिविर में योग प्रशिक्षक डॉ. मुकेश कुमार योग क्रियाओं, प्रणायाम व विभिन्न आसन की जानकारी दी। योग शिविर के दौरान विश्व हिन्दू परिषद के जिला प्रधान डॉ. राजेंद्र गुप्ता, वनवासी कल्याण आश्रम के जिलाध्यक्ष संजीव अरोड़ा, आरोग्य भारती के जिलाध्यक्ष हनुमान बंसल, आर्यसमाज के कोषाध्यक्ष बलराज मलिक, डॉ. चेतना, डॉ. मीनाक्षी, डॉ. राज पराशर, डॉ. नेहा गोयल व डॉ. मीनू गोयल सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### गावड़िया के समक्ष रखी एम्बुलैंस की मांग

**हिसार।** गौपुत्र सेना के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री सुनील क्रांतिकारी ने बताया कि गौपुत्र सेना अग्रोहा टीम ने समाजसेवी एवं गौभक्त राजेंद्र गावड़िया मुलाकात की और टीम द्वारा गौरक्षा व गौसेवा कार्य बारे अवगत कराया तथा एक एम्बुलेंस के लिए मांग रखी क्योंकि श्री वैष्णव अग्रसेन गौशाला में एक एंबुलेंस है जो कि अग्रोहा खंड व उसके साथ लगते गांवों के लिए काफी नहीं है। इस अवसर पर सौरभ, मोहित किरोड़ी, प्रमोद स्वामी, सोनू मिस्त्री, विक्रम चौहान, विजय कुमार आदि मौजूद रहे।

### दंत चिकित्सा शिविर में बच्चों के दांत जांचे

**हिसार।** स्माइल फॉर यूथ कार्यक्रम के तहत डॉ. सचिन मित्तल एडवांस डेंटिस्ट्री ने रोटरी सैंट्रल हिसार के सहयोग से बीएस मॉडर्न हाई स्कूल ऋषि नगर में एक दिवसीय डेंटल चैकअप कैंप लगाया। कैंप में डॉ. निशा अग्रवाल, डॉ.मुदिता बहेती और अभिषेक पांडे ने बच्चों के दांतों की जांच की और उन्हें स्वस्थ बनाने के टिप्स दिए।

### अग्रसेन भवन में श्याम महोत्सव 12 को

**हिसार।** श्री श्याम संग परिवार द्वारा श्याम महोत्सव व भंडारा 12 अप्रैल को महाराजा अग्रसेन भवन में मनाया जाएगा। प्रधान अनिल तनेजा व उपप्रधान धर्मेंद्र कथूरिया ने बताया 12 अप्रैल शनिवार सायं 4 बजे श्री गणेश वंदना से प्रारंभ होगा। श्याम महोत्सव में कलाकार रेशमी शर्मा और सौरभ शर्मा बाबा के भजनों से उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। इसके अलावा पवन गेरा मंच का संचालन करें।

# पीने के पानी की समस्या को लेकर बास में महिलाओं ने की नारेबाजी

## अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि 15 दिनों के अंदर समस्या का समाधान कर दिया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

गांव बास में पानी की समस्या को लेकर मंगलवार को महिलाएं जलघर में पहुंच गई और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। महिलाओं पीने के पानी की समस्या से परेशान हैं लेकिन उनकी समस्या का कोई हल नहीं हो रहा है। महिलाओं ने जनस्वास्थ्य विभाग के जेई से बातचीत की। इसके बाद जेई ने मौके पर पहुंचे और उन्होंने महिलाओं को आश्वासन दिया कि जल्द ही समस्या का समाधान करवा दिया जाएगा। इसके बाद महिलाएं शांत हुई। महिला राजेश जांगड़ा, शीला देवी, चांदो देवी, आशा शर्मा, कृष्णा, ममता, कांता, शकुंतला, कमला, बिमला, संतोष, मीना, सुमन, कविता, सुमित्रा, संतरा, विद्या, दर्शना, शांति, गुड्डी, भानी, रानी, रामरती व सुनीता आदि ने बताया कि गांव के मुख्य बस स्टैंड के पास जो अनाज मंडी के जलघर के टैंकों में बहुत ज्यादा गंदगी है। बार-बार जल घर के कर्मचारियों को सफाई के लिए बोला जा चुका है लेकिन उनका इस तरफ कोई ध्यान नहीं है। जलघर की दीवारें गिर चुकी हैं और गंदे नालों का पानी जल घर के टैंकों में जा रहा है जिसके कारण उनके घरों में पानी में कीड़े आ रहे हैं। टैंकों में मछली पड़ी हुई हैं जिसको लेकर लोग उसमें आटा डालते हैं और जिससे पानी में बदबू हो रही है। इसके चलते इस पानी का प्रयोग करके वह बीमार हो रहे है। बता दें कि दो दिन पहले रोड जाम किया था।

■ जलघर की दीवारें गिर चुकी हैं और गंदे नालों का पानी जल घर के टैंकों में जा रहा है जिसके कारण उनके घरों में पानी में कीड़े आ रहे हैं।



### ग्रामीणों को समस्या नहीं होने देंगे

इस संबंध में विभाग की जेई प्रियव्रत में बताया कि दो दिन पहले भी महिलाओं को आश्वासन दिया था कि पानी की व्यवस्था सही कर दी जाएगी लेकिन आज फिर महिलाएं जल घर में पहुंच गई। महिलाओं को आश्वासन दिया है कि 15 दिनों के अंदर उनकी समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। तब तक पास के किसानों के ट्यूबवेल का पानी लेकर गांव में सप्लाई दी जा रही है। किसी भी ग्रामीण को पानी की समस्या नहीं आने दी जाएगी।

### राखी शाहपुर में प्रदर्शन, मुख्यमंत्री को काले झंडे दिखाने का अल्टीमेटम

# डॉ. अंबेडकर की तस्वीर पर कालिख पोतने के विरोध में संगठन और ग्रामीण सड़क पर उतरे

## रजत कलसन बोले- दलितों पर अत्याचार व उत्पीड़न करने वालों में हरियाणा पुलिस का दूसरा नंबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

गांव राखी शाहपुर में डॉ. बीआर अंबेडकर, भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर आजाद तथा गांव के दलित सरपंच मनीष कुमार की तस्वीरों पर किसी शरारती तत्वों द्वारा जानबूझकर अपमान करने की नीयत से कालिख पोतने के मामले में मंगलवार को हांसी लघु सचिवालय में गांव राखी शाहपुर के दलित ग्रामीण तथा दलित संगठनों ने नेशनल अलायन्स फॉर दलित ह्यूमन राइट्स के संयोजक रजत कलसन के नेतृत्व में पुलिस की कार्यशैली के विरोध में रोष प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की। रोष प्रदर्शन के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए डीएसपी रविन्द्र सांगवान व शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सदानंद शर्मा के नेतृत्व में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। एससी संगठनों के प्रदर्शनकारियों ने जब लघु सचिवालय के अंदर घुसने का प्रयास किया तो पुलिस ने उन्हें अंदर नहीं जाने दिया। लेकिन एससी संगठनों द्वारा एसपी को ज्ञापन सौंपने की जिद के चलते डीएसपी रविंद्र सांगवान, अधिवक्ता रजत कलसन, अधिवक्ता राहुल चावला, सरपंच मनीष कुमार, अधिवक्ता नरेश गुणपाल सहित 10 ग्रामीणों के प्रतिनिधिमंडल को लेकर एसपी के पास पहुंचे।

जहां एसपी हेमेंद्र मीणा ने एससी संगठनों व ग्रामीणों को बताया कि पुलिस ने सरपंच मनीष कुमार की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है तथा नारनौंद थाना प्रभारी चंद्रभान का नारनौद से ट्रांसफर कर उनके स्थान नए थाना प्रभारी की नियुक्ति कर दी गई है, तथा डीएसपी रविंद्र सांगवान को इस मामले की जांच सौंपी गई है तथा डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र के साथ बेअदबी करने आरोपी की जल्द पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए अधिवक्ता रजत कलसन ने कहा की प्रदेश में पुलिस की शह पर दलितों के साथ अत्याचार व उत्पीड़न की लगातार घटनाएं हो रही है तथा दलितों पर अत्याचार के मामले में हरियाणा पुलिस देश में दूसरे नंबर पर है। उन्होंने कहा कि अगर एक सप्ताह के अंदर आरोपी की गिरफ्तार नहीं किया गया तो वे मुख्यमंत्री के हांसी आगमन पर उन्हें काले झंडे दिखाने से गुरेज नहीं करेंगे। इस मौके पर अधिवक्ता नरेश गुणपाल, अधिवक्ता राहुल चावला, अधिवक्ता किरण जांगड़ा, गांव राखी शाहपुर के सरपंच मनीष कुमार, जय भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय चौहान, रामनिवास नम्बरदार, पवन सरपंच ढाणी ब्राह्मण,कैलाश मास्टर, सुनील मास्टर, राहुल, संदीप, सोमबीर, रामबीर, बलवान, हरदेवा, अमित बुडाना व संजय गामड़ा सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



हांसी। आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर लघु सचिवालय में प्रदर्शन करते एडवोकेट रजत कलसन व अन्य

### ये है मामला

गांव राखी शाहपुर के सरपंच मनीष कुमार ने बताया कि 2 मार्च की रात करीब 11 बजे एक अज्ञात शरारती तत्व ने जानबूझकर दलित समाज के महापुरुषों का अपमान करने की नीयत से गांव में लगाए गए एक बैनर में छपी डॉ. बीआर अंबेडकर तथा भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर तथा उसकी तस्वीर पर कालिख पोत दी थी, और यह घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। जिसके बारे में उन्होंने तत्कालीन नारनौंद थाना प्रभारी चंद्रभान को सीसीटीवी फुटेज के साथ आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग लेकर शिकायत दी थी, लेकिन तत्कालीन नारनौंद थाना प्रभारी ने उन्होंने यह कहते हुए मुकदमा दर्ज करने से मना कर दिया था कि इस मामले में कोई अपराध नहीं बनता।



हिसार। जिला प्रभारी अमरजीत ढांडा का स्वागत करते पूर्व चेयरमैन राजेंद्र लितानी, जिलाध्यक्ष अमित बूरा व अन्य। फोटो :हरिभूमि

# जेजेपी जल्द घोषित करेगी नया संगठन : ढांडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

अर्बन एस्टेट स्थित जेजेपी कार्यालय पर जजपा की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जिले के प्रभारी जुलाना से पूर्व विधायक अमरजीत ढांडा व सिरसा जिला अध्यक्ष अशोक वर्मा पहुंचें। उन्होंने सबसे पहले जिले के सभी कार्यकर्ताओं से विचार विमर्श किया और उनके सुझाव लिए तथा गत दिनों पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में हुए निर्णयों से भी सभी को अवगत करवाया। सभी कार्यकर्ताओं ने सर्वसम्मति दिखाते हुए कहा कि पार्टी हाईकमान का जो निर्णय होगा उसका सभी सम्मान करेंगे वे जिसको भी जिम्मेवारी देंगे, सभी उसके साथ मिलकर संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन राजेंद्र लितानी, जिला अध्यक्ष अमित बूरा, जिला प्रभारी मास्टर ताराचंद, राजमल काजल, सत्यवान बिचपड़ी, डॉ. अजीत, सुनील मुंड, जिला प्रवक्ता विपिन गोयल, कृष्ण गंगवा, गुलाब सिंह खेदड़, पार्षद भरत सिंह बेनीवाल, अनिल शर्मा, कमल कायत मौजूद रहे।

### विपक्ष के कुछ नेता शहर के विकास से खुश नहीं : डॉ. गुप्ता

**हिसार।** पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हिसार आगमन को लेकर हिसार विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की वर्चुअल बैठक ली। पूर्व मंत्री के मीडिया प्रभारी सुरेश गोयल धूपवाला ने बताया की बैठक का आयोजन 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री द्वारा एयरपोर्ट के शुभारम्भ की तैयारियों को लेकर किया गया। कुछ विपक्ष के नेता इस बात से खुश नजर नहीं आ रहे कि पिछले 10 वर्षो से शहर का चहूंमुखी विकास क्यों हो रहा हैं। इस अवसर पर मेयर प्रवीण पोपली, रामचन्द्र गुप्ता, लोकेश असीजा, दीपक, राहुल सैनी मौजूद रहे।

# जन कल्याण केंद्र में विजेता विद्यार्थियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

सामाजिक संस्था सजग एवं यज्ञ-हवन विश्व कल्याण के संयुक्त तत्वावधान में श्रवण वाणी निशक्त जन कल्याण केंद्र में राष्ट्रपति द्वारा विशेष पुरस्कार से सम्मानित कुमारी जानवी व राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में गोल्ड, सिल्वर व ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त विद्यार्थियों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वास्तु आर्किटेक्ट सत्यपाल अग्रवाल रहे तथा अध्यक्षता श्रवण वाणी निशक्त जन कल्याण केंद्र के सहायक निदेशक सुबोध दुबे ने की। कार्यक्रम के दौरान सुबोध दुबे ने जानकारी दी कि तिरुवनंतपुरम, केरल में आयोजित 9वीं डेफ जूनियर-सब जूनियर स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में केंद्र के हिमांशु ने अंडर-18 श्रेणी में डिस्कस थ्रो में नेशनल रिकॉर्ड बनाते हुए गोल्ड मेडल जीता। निलेश ने 18+ वर्ग में 200 मीटर एवं 100 मीटर रेस में दो सिल्वर मेडल प्राप्त किए तथा रितेश, पुनीत व आदित्य ने अंडर-18 श्रेणी की 400 मीटर रिले रेस में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किये।

इसके अतिरिक्त, उन्होने बताया कि केंद्र की होनहार छात्रा कुमारी जानवी को सांकेतिक भाषा एवं ड्राइंग में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए राष्ट्रपति महोदय द्वारा विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



हिसार। श्रवण एवं वाणी निशक्त जन कल्याण केंद्र के प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित करते सजग के पदाधिकारी।

# लोगों को अच्छे स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य संबंधी उपाय अपनाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर वर्ल्ड हेल्थ डे पर बनाई गई श्रेष्ठ पेंटिंग के लिए विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान विश्व प्रसिद्ध पैरा एथलीट एकता भ्याण मुख्यातिथि रही और पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली समाजसेवी सुनीता रहेजा गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में मौजूद रही। इस अवसर पर डॉ. संदीप कलियाणा, एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल, पवन कुमार, शैलेष वर्मा, अन्नु चीनिया, रोहतास कुमार, अनिल कसाना, डॉ. उमा, डॉ. सुरेंद्र बिश्नोई, कंचन चौधरी, एडवोकेट श्वेता शर्मा, रामदास आर्य, एडवोकेट मीना तिजारिया, एडवोकेट शबनम, संदीप कुमार, राजेश गर्ग, परमजीत, डॉ. विवेक, निशा साहू, सतबीर सिंह, विनोद सैनी, कुसुम प्रजापति व जितेन बजाज आदि मौजूद रहे।




हिसार। विश्व स्वास्थ्य दिवस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण व आयोजक मंडल एवं विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### मेयर ने सेक्टर-33 में स्ट्रीट लाइट का शुभारंभ



**हिसार।** सेक्टर 33 में 45 मीटर राउंड रोड पर नए स्ट्रीट लाइट्स का शुभारंभ मेयर प्रवीण पोपली व भाजपा जिला अध्यक्ष आशा खेड़ड़ द्वारा किया गया। इससे पूर्व सेक्टर में पहुंचने पर आरडब्ल्यूए प्रधान धर्मवीर पानू व सेक्टर वासियों ने फूल मालाओं से मेयर का स्वागत किया । इस मौके पर प्रधान धर्मवीर पन्नू ने बताया कि मेयर पोपली को सेक्टर में रही पीने के पानी की समस्या को लेकर मांगपत्र से सौंपा। इस पर मेयरने आश्वासन दिया पीने के पानी की समस्या का समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा महामंत्री संजीव रेवड़ी, अनिल टीनू जैन, अशोक भूटानी, डॉ. सुरेंद्र बिश्नोई बलबीर, निशांत गर्ग, धर्म सिंह खटकड़, रमेश सुथार, धर्मपाल कसवां, नफे सिंह, रामकुमार, डॉ. श्याम सुंदर, नवीन तनेजा, दिनेश घनघस, सतबीर मेहरा, सुभाष जागलान, रामनिवास सोनी, हुकुमचंद गोयल, लक्ष्मी जितेंद्र बड़क, लक्ष्मी नारायण एसडीओ पवन कुमार, जेई शमशेर वर्मा, गौरव शर्मा आदि भी मौजूद थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9653530207, 8814999173, 9253681005

### बार एसो. ने वकीलों को प्रशिक्षण दिया

**हिसार।** जिला बार एसोसिएशन द्वारा मंगलवार को बार रूम में ई-फाइलिंग और सीआईएस अपडेट पर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश निशांत शर्मा ने मुख्य प्रशिक्षक के रूप में मार्गदर्शन प्रदान किया जबकि अधिवक्ता योगेंद्र सिंह गोयत और अधिवक्ता पूर्ण चंद छाबड़ा ने विशेष सहयोग दिया। बार रूम में उपस्थित वकीलों को संबोधित करते हुए एडीएसजे निशांत शर्मा ने कहा की डिजिटल न्याय प्रणाली को सशक्त बनाने में अधिवक्ताओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम हमारे न्यायिक तंत्र को अधिक पारदर्शी और कुशल बनाने के लिए सार्थक पहल है। इस मौके पर बार के प्रधान संदीप बूरा, उप प्रधान विकास पुनियाँ, सहसचिव सुनील भरद्वाज, कोषाध्यक्ष सुनील सहदेव, अधिवक्ता महिंद्र सिंह नैन, कमल गुप्ता, मुकेश मौजूद रहे।

धर्म-कर्म

### कोई ऐसा मंदिर नहीं, जहां हनुमानजी विराजित न हो : स्वामी उमानंद

# कलश यात्रा के साथ हनुमान मंदिर का वार्षिक महोत्सव शुरू, बजरंगी के जयकारों से गूंजा शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

रामभक्त हनुमान मंदिर समिति, गली नम्बर-2 जवाहर नगर के 30वें वार्षिक महोत्सव के उपलक्ष्य में आज प्रातः ढोल-ढमाकों के साथ कलश यात्रा निकाली गई। दर्जनों महिलाओं ने सिर पर कलश उठाये यात्रा में भाग लिया। पूरा क्षेत्र जयश्रीराम व बजरंग बली के जयकारों से गूंज उठा।

इस अवसर पर नगर पार्षद राजेश अरोड़ा रिंकू के अलावा मंदिर समिति की ओर से के.के.सेहरा, भगतचंद मेहता, प्रीतम छाबड़ा, हरबंस ग्रोवर, सुरेश बांगा, दीपक गौतम, विनोद बिश्नोई, ललित राठी, मोहित गांधी, राजकुमार तनेजा, रामसहाय कक्कड़, सुरेश जैन, ओमप्रकाश ग्रोवर, ललित सुखीजा, पं. भगवत प्रसाद, पं. प्रभु दयाल आदि भी उपस्थित रहे।

मंदिर समिति के प्रधान इंद्रचंद राठी ने बताया कि दोपहर बाद महामंडलेश्वर स्वामी विवेकानंद महाराज वृंदावन के कृपापात्र पीठाधीश्वर स्वामी सत्यानंद महाराज के सान्निध्य में संगीतमय हनुमान कथा शुरु की गई। कथा व्यास श्रीहरि मंदिर अमरधाम, फर्रुखनगर (गुरुग्राम) के अधिष्ठाता डॉ. स्वामी उमानंद (मानसमणि) ने कथा की शुरुआत करते हुए कहा कि श्रीसुन्दरकाण्ड पाठ का सम्बंध मन की सफाई से है। इंस्टाग्राम पर ढेरों रील्स रोज आती है जिसमें तन का प्रदर्शन होता है। शरीर को स्वस्थ रखना कोई बुरी बात नहीं पर इस बाहरी सुंदरता में यदि अंदर कालिख भरी है तो फिर यह प्रदर्शन दो कौड़ी का नहीं।



हिसार। हनुमान मंदिर, जवाहर नगर से निकली कलश यात्रा में भाग लेते श्रद्धालु।

### हनुमानजी प्रेरणा दे रहे

उन्होंने कहा कि कोई ऐसा मंदिर नहीं, जहां हनुमानजी विराजित न हो। आज के युवा वर्ग को हनुमानजी प्रेरणा दे रहे हैं कि तन बल के साथ-साथ बुद्धि का विवेक और ज्ञान भी बहुत जरूरी है। जिसके पास कुछ है, उसको प्रदर्शन करने की जरूरत नहीं है। उसके गुण स्वयं ही बाहर आ जाएंगे और जैसे फूल की महक अपने आप बिखर जाती है। ऐसे गुणों की महक भी अपने आप लोगों को पता चल जाती है। हिसार के भजन सम्राट डॉ. मोहन तनेजा ने भजनों की वर्षा की। हनुमान कथा 12 अप्रैल तक रोजाना सायंकाल 4 बजे से 7 बजे तक की जाएगी।